हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 22.1 डिग्री

14 कई कॉलोनियों में सीवर-पेयजल लाइन डालने के छह माह बाद भी सड़कों की दुर्दशा बरकरार



14 हरियाणा एग्रो डिस्काम के विरोध में प्रतियां फूंकी



## खबर संक्षेप

### युवक अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में राजलू गढ़ी निवासी हैप्पी पुत्र जयभगवान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 15 जून को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उपनिरीक्षक प्रदीप अपनी टीम के साथ कामी बाईपास क्षेत्र में गश्त पर थे। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदेह के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली।

### घर से निकला व्यक्ति लापता, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव अगवानपुर निवासी एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पत्नी की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वीरेंद्र की पत्नी प्रीति ने बताया कि 12 जून की रात वह अपने बच्चों के साथ कमरे में सो गई थी, जबकि उसके पति वीरेंद्र अलग कमरे में सो रहे थे। अगले दिन 13 जून की सुबह करीब सात बजे जब वह उठी और अपने पति को देखने गई तो वह कमरे में मौजूद नहीं थे।

### कंपनी जाने के लिए निकला युवक लापता

**गन्नौर।** गांव चिरसमी निवासी एक 20 वर्षीय युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक के परिजनों की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चिरसमी निवासी सुनील ने बताया कि उसका पुत्र पंकज मिसो कंपनी में कार्यरत है, 14 जून की सुबह करीब पांच बजे घर से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था।

## प्री-मानसून की दस्तक से बदला मौसम का मिजाज

# झुलसाती गर्मी और उमस के बीच झमाझम बारिश

### 4.1 एमएम वर्षा दर्ज, चक्रवातीय परिसंचरण के असर से 17 जून तक तेज हवा व बौछारें पड़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से बेहाल जिलेवासियों के लिए मंगलवार की सुबह बड़ी राहत लेकर आई। सुबह से ही आसमान में काले बादलों का डेरा जमा रहा, जिसके बाद जिले के तमाम इलाकों में तेज हवाओं के साथ कहीं झमाझम तो कहीं हल्की बारिश हुई। प्री-मानसून की इस पहली फुहार ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया और लोगों को चुभती गर्मी से निजात मिली।

बारिश और ठंडी हवाओं के चलने से पारे में खासी गिरावट दर्ज की गई, जिससे फिजा में ठंडक घुल गई। दोपहर के वक्त हालांकि धूप निकलने से कुछ देर के लिए उमस का अहसास जरूर हुआ, लेकिन आसमान में बादलों की आवाजाही और हवा में नमी के चलते मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, मंगलवार को जिले में औसतन 4.1 एमएम बारिश दर्ज की गई है। इस दौरान सरगथल में न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस और जगदीशपुर में 23.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, जिले का अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर करीब 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं।



### *दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, अभी और बरसेंगे बदरा*

*मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, इस समय उत्तर भारत में एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। इसके साथ ही हवाओं के रुख के कारण क्षेत्र में एक चक्रवातीय परिसंचरण (साइक्लोनिक सर्कुलेशन) भी बन गया है। इस दोहरे मौसमी सिस्टम के चलते आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। विभाग ने अनुमान जताया है कि 17 जून तक जिले में कई जगहों पर तेज हवाएं चलने और रुक-रुक कर बारिश होने का सिलसिला जारी रह सकता है।*

### *जुलाई के पहले हफ्ते में मानसून के आगमन की उम्मीद*

*मौसम वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप ने बताया कि इस समय प्री-मानसून की गतिविधियां काफी मजबूत स्थिति में हैं। पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी बदलावों के असर से अगले एक सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। इस बार प्री-मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि परिस्थितियां इसी तरह अनुकूल बनी रहीं, तो जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून हरियाणा और सोनीपत के रास्ते दस्तक दे सकता है।*

### *तपिश से मिली मुक्ति, खरीफ की फसलों के लिए संजीवनी बनी बारिश*

*इस मानसूनी फुहार से जहां आम जनता ने चैन की सांस ली है, वहीं अन्नदाताओं के चेहरे भी खिल गए हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बारिश से खेतों में अच्छी नमी आ गई है, जो खरीफ की फसलों की बिजाई और तैयारी के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी।*

### तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश की संभावना

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवातीय परिसंचरण के संयुक्त प्रभाव से अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। जिले में तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर बारिश होने की पूरी संभावना है।

-**डॉ. प्रेमदीप,** मौसम वैज्ञानिक



**सोनीपत।** अवैध निर्माण को गिराते हुए।

## निफ्टम रोड के सामने 2 एकड़ में बनी अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त

- मैक्स हाईट, ग्रुप हाउसिंग कालोनी, सेक्टर-62, सोनीपत में सटिल्ट पार्किंग में बने अवैध निर्माण भी सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नगर योजनाकार की टीम द्वारा मंगलवार को गांव कुण्डली की राजस्व सम्पदा में निफ्टम रोड के सामने 2 एकड़ में बनी अवैध कालोनी में डीपीसी व निर्माणाधीन मकान बनाकर अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी, जिसको ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त मैक्स हाईट, ग्रुप हाउसिंग कालोनी, सेक्टर-62, सोनीपत में सटिल्ट पार्किंग में बने अवैध ए.जी.एम./जी.बी.एम. हॉल व ग्रीन एरिया में बने टिन सैड को भी सील किया गया। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई सोनीपत की ईन्फोर्समैंट टीम द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट वरिष्ठ प्रबंधक एचएसआईआईडीसी रोबिन भाटला व पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। उन्होंने बताया कि यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वो भू:माफियाओं के बहकावे में आकर अवैध कालोनियों में प्लॉट/दुकाने न खरीदे। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड की कार्यवाही में भविष्य में और अधिक सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वालों के मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए जा चुके हैं।

## तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से कटड़े की मौत, चालक के खिलाफ केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव पांची जाटान में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक कटड़े की मौत हो गई । पीड़ित पशुपालक की शिकायत पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव पांची जाटान निवासी हर्ष ने बताया कि वह खेतीबाड़ी के साथ-साथ पशुपालन का कार्य करता है। 14 जून को दोपहर करीब 1बजे वह अपने प्लाट से पशु को घर लेकर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह अपने कटड़े को प्लाट से बाहर निकाल रहा था, तभी एक तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की कटड़े की पहचान के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से न्याय दिलाने और हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है। पर ही मौत हो गई। हर्ष ने बताया कि हादसे के बाद बोलेरो चालक ने रुकने के बजाय उनसे गाली-गलौज की और मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। पुलिस का कहना है कि वाहन और चालक की तलाश की जा रही है।

## तेज रफ्तार बस ने बाइक को मारी टक्कर, 2 किशोरों की मौत

- शहर में पानीपत रोड स्थित गोशाला के पास सोमवार रात को हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में पानीपत रोड स्थित गोशाला के पास सोमवार रात एक दर्दनाक सडक़ हादसे में बाइक सवार दो किशोरों की मौत हो गई। तेज रफ्तार निजी बस ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सडक़ पर गिर गए और बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार धर्मपुरा बस्ती निवासी अशोक का करीब साढ़े 17 वर्षीय बेटा साहुल मजदूरी करता था। सोमवार को वह किसी परिचित से बाइक लेकर गांव सैनीपुरा में मजदूरी के बकाया पैसे लेने गया था। उसके साथ गांव गढ़ी सराय नामदार खां निवासी 14 वर्षीय देवेंद्र भी था, जो घर से खेलने के लिए निकला था। दोनों देर शाम गांव से वापस गोहाना लौट रहे थे। जब वे पानीपत रोड पर गोशाला के निकट पहुंचे तो पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार निजी बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों किशोर बाइक सहित सडक़ पर गिर गए और बस का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। गंभीर हालत में दोनों को भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक बस को मौके पर छोडक़र फरार हो गया। देवेंद्र आठवीं कक्षा का छात्र था और पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। वहीं साहुल भी अपने भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था और मजदूरी कर परिवार की मदद करता था। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में मातम छा गया। पुलिस ने मृतक साहुल के पिता अशोक की शिकायत पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



**गोहाना।** हादसे में मृत किशोरों के फाइल चित्र। *फोटो : हरिभूमि*

## पोल्ट्री फार्म की आड़ में विदेशी शराब का खेल

- मलिक पोल्ट्री फार्म के कमरे से सीएम फ्लाइंग ने 393 पेटियों में भरी 3576 बोतलें की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषि कॉलोनी में मलिक पोल्ट्री फार्म की आड़ में चल रहे विदेशी शराब के एक बड़े अवैध भंडार का भंडाफोड़ हुआ है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता (सीएम फ्लाइंग) की टीम ने सोमवार देर रात करीब 11 बजे गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर 393 पेटियों में रखी कुल 3576 बोतल विदेशी शराब बरामद की। बरामद खेप में कई महंगे अंतरराष्ट्रीय प्रीमियम ब्रांड शामिल हैं।

चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी शराब पर कोई वैध होलोग्राम नहीं था और न ही मौके पर इसका कोई परमिट मिला। आशंका जताई जा रही है कि इस अवैध भंडारण से सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का चूना लगाया गया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता के डीएसपी जीत सिंह बेनीवाल के निर्देश पर इंस्पेक्टर बिजेंद्र, एएसआई राजेश और शिव की टीम ने ऋषि कॉलोनी की गली नंबर-1 स्थित मलिक पोल्ट्री फार्म पर यह कार्रवाई की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आबकारी विभाग के इंस्पेक्टर सोमबीर की टीम को भी तुरंत मौके पर बुलाया गया। जब परिसर के एक कमरे की तलाशी ली गई तो वहां विदेशी शराब का जखीरा देखकर अधिकारी भी हैरान रह गए। मौके पर मौजूद श्रमिक शराब के कागजात या परमिट के बारे में कोई जानकारी नहीं दे सके, जिसके बाद टीम ने पूरी खेप को जब्त कर लिया। इस मामले में सिविल लाइन थाना में पोल्ट्री फार्म संचालक गौरव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है।



**सोनीपत।** जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम।

### बरामद शराब का विवरण

| ब्रांड | पेटियां |
|---|---|
| बुशमिल्स व्हिस्की | 100 |
| जेम्सन व्हिस्की | 80 |
| डिवॉर्स व्हाइट लेबल | 60 |
| ग्रे गूज वोडका | 50 |
| गोल्ड लेबल | 40 |
| ब्लैक लेबल | 30 |
| कैमिनो रियल टकीला | 18 |
| जोस कुर्वो टकीला | 15 |

### लाखों का नुकसान

बरामद शराब बिना किसी वैध परमिट के रखी गई थी। इतनी बड़ी मात्रा में अवैध भंडारण से सरकार को लाखों रुपये के राजस्व नुकसान की आशंका है। मामले की गहन जांच की जा रही है। शराब के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इसमें शामिल सभी व्यक्तियों की भूमिका की पड़ताल होगी। दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**-जीत सिंह बेनीवाल,** डीएसपी, मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, सोनीपत

### नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

पकड़ी गई शराब में जेम्सन व्हिस्की, ग्रे गूज वोडका, गोल्ड लेबल, ब्लैक लेबल, बुशमिल्स व्हिस्की, कैमिनो रियल और जोस कुर्वो टकीला जैसे नामी और महंगे ब्रांड शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में प्रीमियम विदेशी शराब का एक जगह मिलना किसी बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करता है। जांच एजेंसियों के अनुसार, इस शराब को अवैध रूप से डंप कर अलग-अलग क्षेत्रों में सप्लाई करने की योजना थी। पोल्ट्री फार्म जैसी जगह का चयन इसलिए किया गया ताकि किसी को शक न हो और लंबे समय तक यह अवैध काम छिपा रहे। अब पुलिस और आबकारी विभाग इस बात का पता लगा रहे हैं कि यह शराब कहां से लाई गई थी और इस तस्करी के पीछे मुख्य रूप से कौन-कौन लोग शामिल हैं।

### शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल विकास में ऐतिहासिक बदलावों पर प्रदर्शनी

## 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को धरातल पर उतारते हुए सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे, कृषि, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल तकनीक और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिले हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 12 वर्षों की उपब्धियों को जन-जन तक पहुचांने के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सरल केन्द्र में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।



**सोनीपत।** प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए मंत्री डॉ. शर्मा।

### ऐतिहासिक फैसलों की गूंज

सहकारिता मंत्री डॉ. शर्मा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, रेलवे, हवाई सेवाओं और डिजिटल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। देशभर में आधुनिक सडक़ नेटवर्क, एक्सप्रेस-वे, नए एयरपोर्ट और रेलवे परियोजनाओं ने विकास को नई गति प्रदान की है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धारा-370 और 35ए को समाप्त कर जम्मू-कश्मीर को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया गया। इसके अलावा अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की प्रथा समाप्त करना और करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण जैसे निर्णय देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाले साबित हुए हैं। विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, विकसित भारत एवं जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## गन्नौर फ्लाईओवर पर कंटेनर व ट्रक की टक्कर से लगा जाम

- दुर्घटना के बाद सर्विस रोड पर लगी वाहनों की कतार, साढ़े तीन घंटे बाद यातायात हुआ सामान्य

**गन्नौर।** गन्नौर फ्लाईओवर पर एक कंटेनर व ट्रक की टक्कर होने से जाम जैसी स्थिति बन गई। सूचना पर थाना गन्नौर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कंटेनर को क्रेन की मदद से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हुआ। गनिमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। जानकारी अनुसार मंगलवार की दोपहर दो बजे पानीपत से दिल्ली जा रहा कंटेनर गन्नौर फ्लाईओवर पर आग चल रहे एक ट्रक से जा टकराया। टक्कर लगने से कंटेनर का अगली हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि आगे चल रहा ट्रक मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद कंटेनर फ्लाईओवर पर ही फंस गया, जिससे फ्लाईओवर पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रभावित हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही गन्नौर व यातायात पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सर्विस रोड से निकलवाना शुरू किया। इसके बाद क्रेन मंगवाकर दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को सड़क से हटाने का काम शुरू किया गया। कंटेनर हटाने और यातायात व्यवस्था बहाल करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। शाम करीब 6 बजे कंटेनर को हटाकर यातायात पूरी तरह सामान्य कर दिया गया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।




**गन्नौर।** टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए कंटेनर को हटाती क्रेन।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

लाइफ Style

# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय' में जुही के किरदार में नजर आई थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।




हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।

# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

***नई दिल्ली।*** *फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

## आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

***नई दिल्ली।*** *हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरे-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## महाविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए आवेदन करने का समय समाप्त

# मिशन एडमिशन : आईटीआई में दाखिले के लिए 30 जून तक पंजीकरण का मौका

### सोनीपत आईटीआई में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अब तक मात्र 200 विद्यार्थियों ने करवाया पंजीकरण, ट्रेड चुनने का ऑप्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में दाखिले पाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने विद्यार्थियों की सुविधा व पंजीकरण की कम संख्या को देखते हुए तिथि को बढ़ाकर 30 जून तक छूट दी है। उधर निदेशालय को शिकायत के बावजूद अब तक पोर्टल पर ट्रेड (कोर्स) चुनने का ऑप्शन नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में दाखिला पाने के इच्छुक विद्यार्थी फिलहाल पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस बार पंजीकरण के बाद विद्यार्थियों को मैसेज भेजकर ट्रेड चुनने का अवसर दिया जाएगा। उधर महाविद्यालयों में भी यूजी प्रथम वर्ष की बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीबीएस जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों को मिली पंजीकरण की समय अवधि पूरी हो चुकी है। महाविद्यालयों में इस बार मात्र 60 से 65 प्रतिशत सीटों पर ही विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया है। महाविद्यालयों में अब दाखिले की तैयारी शुरू हो गई है, ताकि विद्यार्थी समय पर शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई की शुरुआत कर सकेंगे। बता दें कि आईटीआई में दाखिले को लेकर कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने 2 जून को पोर्टल खोलकर विद्यार्थियों को 15 जून तक पंजीकरण का मौका दिया था। समय अवधि पूरी होने के बाद आईटीआई संस्थानों में 25 प्रतिशत दाखिलों का लक्ष्य भी प्राप्त नहीं हो सका है। ऐसे में निदेशालय ने विद्यार्थियों को एक मौका और देते हुए पंजीकरण की समय अवधि को 30 जून तक बढ़ा दिया है। हालांकि पोर्टल पर ट्रेड ऑप्शन अब भी प्रदर्शित नहीं किया गया है। यहीं कारण है कि सोनीपत आईटीआई में 24 ट्रेड की 844 सीटों पर मात्र 200 बच्चों ने पंजीकरण करवाया है। विद्यार्थी ट्रेड की जानकारी के अभाव में पंजीकरण को लेकर असमंजस की स्थिति में उलझे नजर आ रहा है। हालांकि निदेशालय ने पंजीकरण प्रक्रिया के बाद विद्यार्थियों को मैसेज के माध्यम से ट्रेड चुनने का अवसर देने का निर्णय लिया है।


सोनीपत। के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए हेल्प डेस्क पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना नहीं मिलेगा दाखिला

जिले में करीब 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। इस बार आईटीआई के शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले में विद्यार्थियों के लिए 3000 से अधिक सीटें निर्धारित की गई हैं। आईटीआई में स्थापित किए हेल्प डेस्क पर नोडल अधिकारी व शिक्षक विद्यार्थियों से जल्द दस्तावेज लाकर पंजीकरण करवाने का परामर्श दे रहे हैं। इसके लिए परिवार पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, शैक्षणिक योग्यता के दस्तावेज, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक सहित अन्य दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। उधर जिलेभर के 23 प्रमुख राजकीय, निजी व एडिड महाविद्यालयों में इस वर्ष करीब 13500 से अधिक सीटें यूजी कोर्स के लिए निर्धारित हैं। निदेशालय ने पहले जारी शेड्यूल में 7 से 31 मई जून तक ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण पोर्टल पर करवाने का मौका दिया था, लेकिन पंजीकरण पूरा नहीं होने पर तिथि को 15 जून तक बढ़ाया गया था। ऑनलाइन पंजीकरण के बिना विद्यार्थी शिक्षण संस्थानों में दाखिला नहीं पा सकेंगे।

### ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि समाप्त

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर को लेकर ऑनलाइन पंजीकरण की अवधि समाप्त हो चुकी है, लेकिन ज्यादातर महाविद्यालयों में सभी सीटों पर पंजीकरण नहीं हुआ है। फिलहाल उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से पंजीकरण की समय अवधि को नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में जल्द ही दाखिला प्रक्रिया शुरू कर पाठ्यक्रमों की शुरुआत की जाएगी। बिना पंजीकरण वाले बच्चे महाविद्यालयों में दाखिला नहीं ले सकेंगे। -डॉ. सीमा गर्ग, प्राचार्य, हिंदू कॉलेज, सोनीपत

### महाविद्यालयों में ये रहेगा दाखिले का शेड्यूल

| | |
|---|---|
| आनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया | -15 जून को समाप्त |
| आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र का संपादन (ओटीपी आधारित) | -17 जून तक |
| आपत्ति व विसंगतियों के साथ आवेदकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी | -18 जून |
| दस्तावेजों का आनलाइन सत्यापन | - 22 जून तक |
| मेरिट सूची के लिए पात्र आवेदकों की सूची प्रदर्शित की जाएगी | - 24 जून |

**पहले चरण की काउंसलिंग**

| | |
|---|---|
| पहली प्रोविजनल कट आफ जारी | 26 जून |
| पहली फाइनल कट ऑफ जारी | 27 जून |
| पहली कट आफ की फीस जमा करवाने की तिथि | 28 से 1 जुलाई |

**दूसरे चरण की काउंसलिंग**

| | |
|---|---|
| दूसरी प्रोविजनल कट ऑफ जारी | 2 जुलाई |
| दूसरी फाइनल कट ऑफ जारी | 3 जुलाई |
| दूसरी कट आफ फीस जमा करवाने की तिथि | 4 से 7 जुलाई |

**तीसरा चरण की काउंसलिंग**

| | |
|---|---|
| रिक्त सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग | 9 जुलाई |
| पंजीकरण के लिए दाखिला पोर्टल रि-ओपन | 10 जुलाई |
| 100 रुपये विलंब शुल्क सहित फिजिकल काउंसलिंग | 11 से 17 जुलाई |

### इच्छुक विद्यार्थी जल्द पंजीकरण करवाएं

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय ने आईटीआई में दाखिले के लिए पोर्टल पर चल रही पंजीकरण करवाने की प्रक्रिया को 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश पाने के लिए जल्द अपना पंजीकरण करवाकर सीट सुनिश्चित कर सकते हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से अब तक 200 बच्चों ने अपना पंजीकरण करवाया है। इच्छुक विद्यार्थियों का आह्वान है कि वह पंजीकरण करवाकर दाखिला सुनिश्चित करें। -विक्रम सिंह, प्रधानाचार्य, आईटीआई, सोनीपत


सोनीपत। आईटीआई परिसर में योग का अभ्यास करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### त्रिकोणासन से मांसपेशियां मजबूत होती हैं : सावन

**सोनीपत।** मिशन फिट सोनीपत अभियान के तहत लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति ने मंगलवार को आईटीआई सोनीपत परिसर में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। शिविर में ताड़ासन, वीरासन और त्रिकोणासन का विशेष अभ्यास कराया गया। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित मुख्य योग शिक्षक सावन ने बताया कि त्रिकोणासन मेरुदंड को लचीला बनाता है तथा पिंडली, जांघों और कटि भाग की मांसपेशियों को मजबूत करता है। इससे फेफड़ों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि स्लिप-डिस्क, साइटिका और पेट की सर्जरी के बाद कम से कम तीन माह तक इस आसन का अभ्यास नहीं करना चाहिए। समिति के प्रधान इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने साधकों को ताड़ासन, मंडूकासन, वीरासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर नकुल, कृष्णा, रीना, रुक्मणि, विनीता, संतोष, दीपिका, सुनीता, लक्ष्मी, वीरमति, लक्ष्मीनारायण खंडवाल, हरिओम और देवेंद्र सहित अनेक साधक उपस्थित रहे।


सोनीपत। एमओयू के साथ विवि प्रतिनिधि और कॉलेज के प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी और शोभित विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू

**सोनीपत।** गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, सोनीपत और शोभित विवि, गंगोह (उत्तर प्रदेश) के बीच शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। शोभित विवि परिसर में आयोजित समारोह में गेटवे कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. राहुल शर्मा और चिकित्सा एवं संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. रणजीत सिंह ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। एमओयू के तहत दोनों संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, वैज्ञानिक संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए ज्ञान एवं अनुभव के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे। डॉ. राहुल शर्मा ने कहा कि यह सहयोग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक अनुसंधान सुविधाएं और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में सहायक होगा। प्रो. रणजीत सिंह ने कहा कि दोनों संस्थानों की विशेषज्ञता का समन्वय स्वास्थ्य विज्ञान और फार्मेसी क्षेत्र में नवीन अनुसंधान को नई दिशा देगा।

# किसानों को फसल की बिजाई से पहले खेत की मिट्टी की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया

■ बिचपड़ी में खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना


गोहाना। किसानों को जागरूक करते एटीएम मुकेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

खेत बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को गांव बिचपड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को फसल की बिजाई से पहले खेत की मिट्टी की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता कार्यक्रम उप कृषि निदेशक सोनीपत डॉ. विरेन्द्र आर्य के नेतृत्व एवं एएसडीओ गोहाना डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता एटीएम मुकेश कुमार ने कहा कि फसल की बिजाई से पहले किसान अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करवाए लें। इससे किसान को ज्ञात हो जाएगा कि उसके खेत की मिट्टी में कौनसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और किन पोषक तत्वों की जरूरत है। ऐसे में वे फसल में अनावश्यक रासायनिक खादों के उपयोग से बचा जा सकता है। इससे किसान आर्थिक नुकसान से बचेंगे और रासायनिक खादों के उपयोग से खेत की मिट्टी की सेहत भी खराब नहीं होगी। कार्यक्रम में किसानों को जहर मुक्त प्राकृतिक खेती करने के लिए भी प्रेरित किया गया।


गन्नौर। योजनाओं की जानकारी देती महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी।

### प्रचार-प्रसार अभियान शिविर में लोगों ने योजनाओं की ली जानकारी, लाभार्थियों का किया पंजीकरण

**गन्नौर।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों के प्रचार प्रसार के लिए बीडीपीओ कार्यालय में लगाए गए तीन दिवसीय शिविर में पहुंचे लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आभा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा ई-श्रम योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई। नगर पालिका, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा विभाग आदि द्वारा स्टाल लगाकर लाभार्थियों का पंजीकरण भी किया गया।

# सेपक टेकरा खिलाड़ियों से मिले विधायक खेल नीति में शामिल करने का आश्वासन

■ साई सेंटर बहालगढ़ में प्रशिक्षण शिविर का दौरा, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत


सोनीपत। खिलाड़ियों से मिलते विधायक निखिल मदान। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा सेपक टेकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सोनीपत विधायक निखिल मदान ने मंगलवार को बहालगढ़ स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) सेंटर पहुंचकर देश के विभिन्न राज्यों से आए सेपक टेकरा खिलाड़ियों से मुलाकात की। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया। कार्यक्रम में सोनीपत एसो के सदस्य भी मौजूद रहे। निखिल मदान ने पुरुष और महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके प्रदर्शन की सराहना की। एसो के सचिव शमशेर सिंह ने बताया कि हरियाणा के 6 खिलाड़ियों ने सेपक टेकरा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बीएसएफ में नियुक्ति प्राप्त की है और अब वे बीएसएफ की ओर से प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। एसो. के सदस्यों ने विधायक के समक्ष सेपक टेकरा को हरियाणा की खेल नीति में शामिल करने की मांग रखी। निखिल मदान ने भरोसा दिलाया कि खेल मंत्री व संबंधित अधिकारियों से मिलकर खेल को खेल नीति में शामिल करवाने का प्रयास करेंगे।

# प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेंगी योजनाएं : अंकित

■ 12 वर्षों की उपलब्धियों को प्रदर्शनी में किया गया साकार, सामुदायिक केंद्र में प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना


गोहाना। प्रदर्शनी में विकासकारी योजनाएं प्रदर्शित करते हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गोहाना के सेक्टर-7 स्थित सामुदायिक केंद्र में विकास प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। मंगलवार को मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी ओमवीर वत्स व भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुधीर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रदर्शित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। एसडीएम अंकित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इस प्रकार की प्रदर्शनियां नागरिकों को सरकार की नीतियों और उपलब्धियों से सीधे जोडऩे का प्रभावी माध्यम हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में कृषि विभाग से सूरजमल, पशुपालन एवं डेयरी विभाग से रामफल, तहसील कल्याण विभाग से कृष्ण हुड्डा, वन विभाग से कृष्ण, रोजगार विभाग से विनोद कुमार, मत्स्य विभाग से अमित, महिला एवं बाल विकास विभाग से सपना सुपरवाइजर तथा मार्केट कमेटी से कुलदीप ने अपने विभाग के प्रतिनिधियों के रूप में कार्य किया।

### कार की टक्कर से खुला शराब तस्करी का राज

**सोनीपत।** कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर नाथूपुर फ्लाईओवर के पास एक सड़क हादसे के बाद अवैध शराब की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया है। तेज रफ्तार कार ने आगे चल रही गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपित चालक गाड़ी को छोड़कर फरार हो गया। जब पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार की तलाशी ली, तो उसमें से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद हुई। दिल्ली के बुध विहार निवासी सोनू शर्मा ने कुंडली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सोमवार को अपनी अर्टिगा कार से केएमपी मार्ग होते दिल्ली जा रहे थे। जब वह नाथूपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तो पीछे से आ रही कार के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर भीषण थी कि सोनू की कार होकर डिवाइडर से टकराई और जीटी रोड के बीचों-बीच जाकर रुक गई।


गोहाना। चितरंजन दास को याद करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### देशबंधु चितरंजन दास को पुण्यतिथि पर किया नमन

**गोहाना।** मंगलवार को भगवान परशुराम आश्रम में शहर के लोगों ने देशबंधु चितरंजन दास को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन रामनिवास पांचाल ने किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि चितरंजन दास भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, महान नेता और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राजनीतिक गुरु व मार्गदर्शक थे। वर्ष 1922 में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। 1923 में मोतीलाल नेहरू के साथ मिलकर उन्होंने स्वराज पार्टी बनाई। 1924 में वे कोलकाता नगर निगम के प्रथम मेयर बने। आश्रम के संचालक एवं पूर्व सरपंच सुभाष शर्मा ने कहा कि चितरंजन दास ने अपने जीवन के अंतिम समय में अपनी पूरी संपत्ति अनाथों, विधवाओं व जरूरतमंदों की भलाई व अस्पतालों के निर्माण के लिए दान कर दी थी।

# धावक अरविंद पाल ने हॉफ मैराथन में जीता गोल्ड मेडल

■ रोहणा निवासी एवं बीएसएनएल नई दिल्ली में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरखौदा

मूलतः गांव रोहणा निवासी एवं बीएसएनएल नई दिल्ली में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत अरविन्द पाल दहिया ने गत 14 जून को रोहिणी दिल्ली में हुई "अपने से मुकाबला करो "रोहिणी चैप्टर द्वितीय संस्करण हाफ मैराथन (21.1 किलो मीटर) दौड़ 1 घंटा 45 मिनट में पूरी करके 46-60 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उनके अतिरिक्त रोहतक रनर्स ग्रुप के धावकों- सुधीर तेवतिया, दीपक सैनी, पंकज भार्गव, सुरेंद्र खत्री, विकास राणा, अशोक मोर और राजीव भारद्वाज का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा।


खरखौदा। अन्य धावकों के स्वर्ण पदक विजेता अरविंद पाल दहिया। फोटो :हरिभूमि


गोहाना। पदक विजेता कुलदीप को सम्मानित करते अतिथि एवं महासभा के पदाधिकारी।

### पदक विजेता कुलदीप कर्मचारी सम्मेलन में सम्मानित

**गोहाना।** राष्ट्रीय वॉक दौड़ प्रतियोगिता में हरियाणा रोडवेज सब डिपो गोहाना के चालक खिलाड़ी कुलदीप को पानीपत में आयोजित ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा के राज्यस्तरीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। हिमाचल के धर्मशाला में 7 जून को राष्ट्रीय वॉक दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की । प्रतियोगिता में चालक कुलदीप ने 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, और 10 किलोमीटर वॉक दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपने महकमे व प्रदेश का नाम रोशन किया। इस शानदान प्रदर्शन को लेकर पदक विजेता कुलदीप को ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी के मार्गदर्शन में पानीपत में सम्पन्न उक्त सम्मेलन में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कोमल सैनी और विशिष्ट अतिथि अनूप नाथ योगीऔर आजाद सिंह दांगी रहे। इस अवसर पर महासभा के राज्य महासचिव, रामनिवास पांचाल, प्रमोद सेन, सचिन, सोनू गामड़ी, जितेंद्र पहलवान, दिनेश सैनी, बिजेंद्र जांगड़ा सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## योजना से आमजन को मिल रहा लाभ: एसडीएम

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ उठाएं

### सोलर सिस्टम पर 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा


खरखौदा। सोलर सिस्टम संबंधी जानकारी देते एसडीएम अमित कुमार।

एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आमजन के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे न केवल बिजली के बिल में कमी आ रही है, बल्कि स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवाट क्षमता के सोलर सिस्टम पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट और उससे अधिक क्षमता के सोलर सिस्टम पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त हरियाणा सरकार भी लाभार्थियों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। राज्य सरकार द्वारा 1 किलोवाट क्षमता पर 25 हजार रुपये तथा 2 किलोवाट क्षमता पर 50 हजार रुपये तक की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम स्थापित करने में काफी सहायता मिल रही है।

**घरेलू बिजली कनेक्शन होना अनिवार्य**

*एसडीएम ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के नाम पर घरेलू बिजली कनेक्शन होना अनिवार्य है। साथ ही मकान के स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए। हरियाणा सरकार द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त सब्सिडी प्राप्त करने के लिए परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में दर्ज वार्षिक आय तथा अन्य निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सोलर सिस्टम लगाने से उपभोक्ताओं को लंबे समय तक बिजली बिल में राहत मिलती है।*


सोनीपत। मेले के दौरान मौजूद अधिकारी एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### अप्रेंटिसशिप मेले में 45 युवाओं को मिला रोजगार

**सोनीपत।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला रोजगार कार्यालय, सोनीपत और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। आईटीआई के सेमिनार हॉल में आयोजित मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया, जिनमें से 45 युवाओं का विभिन्न संस्थानों में चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया गया। मेले में फ्लिपकार्ट, पुखराज हेल्थकेयर, रामाया हेल्थकेयर, एलआईसी और पीएनबी कुंडली सहित कई संस्थानों ने भाग लिया। वहीं आईपावर बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड, विजकास्ट सिनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, अकेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड और स्वराज इंजन लिमिटेड ने विभिन्न ट्रेडों के लिए अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर प्रदान किए। युवाओं के साक्षात्कार और काउंसलिंग सत्र भी आयोजित किए गए। जिला रोजगार अधिकारी मनोज कुमार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, रोजगार पोर्टल, कौशल विकास कार्यक्रमों और अप्रेंटिसशिप अवसरों की जानकारी देते हुए युवाओं से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

## विभिन्न क्षेत्रों में नई लाइन डालने के बाद नगर निगम ने गलियों का नहीं करवाया निर्माण

# कई कॉलोनियों में सीवर-पेयजल लाइन डालने के छह माह बाद भी सड़कों की दुर्दशा बरकरार

## शहरवासी बोले- टैक्स देने के बावजूद उन्हें मूलभूत अधिकारों से रखा जा रहा वंचित

- सीवर लाइन डालने के चक्कर में उखाड़ दी गई पक्की सीमेंटेड सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम की ओर से शहर की कई कॉलोनियों में सीवर व पेयजल पाइपलाइन डालने के बाद उखाड़ी गई सड़कों का सुधार नहीं करवाया गया है। विभिन्न कॉलोनियों में सड़कें अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। उधर लोगों की समस्या बढ़ाने के लिए मानसून सिर पर है। इनमें शहर का ज्ञान नगर, भीम नगर, बत्रा कॉलोनी सहित कई क्षेत्र की गलियां शामिल हैं। पाइपलाइन डालने के 6 माह बाद भी इन कॉलोनियों में सड़कों का निर्माण नहीं करवाया गया है। अधर में छोड़ी गई उखड़-खाबड़ सड़कें हादसे को न्योता दे रही हैं। दोपहिया वाहन चालक व राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। हालांकि खस्ताहाल गलियों के पुनर्निर्माण के लिए करीब 90 लाख रुपये का बजट तैयार कर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।



सोनीपत। ज्ञान नगर में अधूरा पड़ा गलियों का निर्माण।

सिटी पल्स

### निगम प्रशासन नहीं ले रहा कोई सुध

नए वार्ड-15 एवं पुराने वार्ड-11 स्थित ज्ञान नगर, भीम नगर, बत्रा कॉलोनी में सीवर व पेयजल लाइन डालने के बाद करीब 6 माह बीत चुके हैं, लेकिन निगम प्रशासन ने खस्ताहाल गलियों को लेकर कोई सुध नहीं ली है। उबड़-खाबड़ गलियों के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। थोड़ी बरसात के बाद ही गलियों में कीचड़ की स्थिति बनने लगी है। कॉलोनी वासी शिव कुमार, सुशील, कृष्ण, अशोक कुमार, सुरेश ने बताया कि निगम ने दिसंबर 2025 में विकास कार्यों के नाम पर सीमेंटिड गलियों को उखाड़कर सीवर लाइन बिछाई थी। इसके बाद बारिश के पानी की निकासी को लेकर स्ट्राम वाटर लाइन डाली गई। इन कार्यों पर करीब 70 लाख रुपये की राशि खर्च की गई है। इस कार्य के लिए पक्की गलियों को उखाड़ दिया गया था। अब काम पूरा हुए करीब 6 माह बीत चुके हैं, लेकिन अधिकारियों ने गलियों के निर्माण पर कोई संज्ञान नहीं लिया है। ऐसे में बरसात के बाद उनकी परेशानी और बढ़ती दिख रही है। कॉलोनियों में घरों के सामने कीचड़ व जलभराव की स्थिति पैदा होने से दुर्घटनाओं को न्योता मिलेगा।

### बड़ी घटना पर कौन होगा जिम्मेदार

कॉलोनीवासियों का आरोप है कि शहर में विकास के नाम पर दिखावा कर कॉलोनियों की दुरुस्त सड़कों को उखाड़कर लोगों की परेशानी को बढ़ाया जा रहा है। अधिकारी गलियों के पुनर्निर्माण करवाने का आश्वासन देने के बावजूद काम शुरू नहीं करवा रहे हैं। इससे कॉलोनी वासियों में नगर निगम के प्रति रोष है। आरोप है कि पहले विकास के नाम पर बड़े-बड़े वादे करके पक्की गलियों को उखाड़ दिया गया। अब आश्वासन देने वाले मेयर व पार्षद भी नजर नहीं आ रहे हैं। खस्ताहाल गलियों के कारण दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। अगर कोई बड़ी घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।

### जानें क्या बोले शहरवासी

#### टूटी गलियां बन सकती हैं बड़ी परेशानी



मानसून का मौसम आने वाला है। बरसात का मौसम शुरू होते ही ज्ञान नगर की टूटी गलियां स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई हैं। गली में जगह-जगह गहरे गड्ढे और कीचड़ जमा होने से लोगों का पैदल चलना तक मुश्किल होने लगा है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार होने का खतरा झेल रहे हैं। *-जगदीश, ज्ञान नगर*

#### गली में पानी से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा



शहरवासी सुविधाओं के लिए सरकार को टैक्स दे रहे हैं, फिर भी उन्हें मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। बरसात के कारण गली में पानी भरने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। इससे बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। समाधान का आश्वासन देने वाले नेताओं व अधिकारियों से अपील है कि गलियों की जल्द से जल्द मरम्मत या निर्माण कार्य शुरू करवाया जाए। *-मुरारी, ज्ञान नगर*

#### पुनर्निर्माण के लिए बजट तैयार कर अप्रूवल ले ली

ज्ञान व भीम नगर में गलियों के पुनर्निर्माण के लिए बजट तैयार कर अप्रूवल ले ली गई है। ज्ञान नगर, भीम नगर, बत्रा कॉलोनी के काम एक ही टेंडर में शामिल हैं। फिलहाल बत्रा कॉलोनी की कई गलियों में पुनर्निर्माण संबंधी कार्य चल रहे हैं। मजदूरों की कमी के चलते एक साथ सभी जगह काम नहीं करवाया जा सकता। जल्द ही सभी जगह कार्यों को पूरा करवाया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। *-अमित शर्मा, जेई, नगर निगम, सोनीपत*

# हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के विरोध में प्रतियां फूंकी



गोहाना। प्रदर्शन करते हुए बिजली निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना इकाई से जुड़े बिजली कर्मियों ने मंगलवार को बरोदा रोड स्थित सिटी सब डिवीजन में प्रदर्शन किया। कर्मियों ने राज्य सरकार के प्रस्तावित हरियाणा एग्रो डिस्कॉम का विरोध किया और नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर अपना रोष जताया। यूनियन की राज्य कमेटी के सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि वर्ष 1998 में बिजली विभाग का पुनर्गठन कर दो कंपनियां बनाई गई थीं। उस समय उदारीकरण के नाम पर विभाग को 498 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था, जो बढ़कर अब करीब 29 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2010 में कृषि और घरेलू फीडरों को अलग-अलग किया गया था, जिससे किसानों को बेहतर और नियमित बिजली आपूर्ति मिल रही है। यादव ने आरोप लगाया कि सरकार अब हरियाणा एग्रो डिस्कॉम नाम से नई कंपनी बनाने जा रही है, जिसमें लगभग 3,600 कर्मचारी कार्य करेंगे। उनका कहना है कि इससे किसानों को मिलने वाली बिजली सब्सिडी पर असर पड़ सकता है और भविष्य में उन्हें महंगी दरों पर बिजली खरीदनी पड़ सकती है।

## अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**खरखौदा।** अवैध हथियार रखने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सहायक उप निरीक्षक नीरज अपनी टीम के साथ रोहतक रोड स्थित खरखौदा बाईपास पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि गांव सेहरी निवासी बबलू मंगोलपुरी दिल्ली खरखौदा बाईपास के खांडा रोड पर अवैध हथियार के साथ किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान बबलू के रूप में बताई। तलाशी लेने पर उसकी जींस की दाहिनी जेब से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई।

# लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

- कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्रों ने निकाला मार्च, कुलपति कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के कच्चे-पक्के कर्मचारियों, शिक्षकों, हॉस्टल वर्करों और छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला और कुलपति कार्यालय का घेराव किया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने कुलपति कार्यालय पहुंचा, लेकिन कुलपति के अनुपस्थित होने पर ज्ञापन रजिस्ट्रार को सौंपा गया। दीनबंधु छोटू राम कर्मचारी यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार ने कहा कि 3 जून को प्रशासन को मांग पत्र और वार्ता का आग्रह सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई बैठक नहीं बुलाई गई। कर्मचारियों ने सर्विस रूल फाइनल करने, तीन साल से लंबित पदोन्नति और पे फिक्सेशन, हरियाणा सरकार की एसईटीसी हिदायतें लागू करने, कच्चे कर्मचारियों के लिए जॉब सिक्योरिटी नियम लागू करने तथा एचकेआरएनएल कर्मचारियों के बकाया वेतन के भुगतान की मांग उठाई।

### ये मांगें शामिल

*ज्ञापन में एचकेआरएनएल व डीसी रेट कर्मचारियों के समय पर वेतन, सेवा विस्तार, अनुभव आधारित वेतन वृद्धि, पांच दिवसीय कार्य सप्ताह तथा छात्रावासों, सड़कों और भवनों की मरम्मत की मांग भी शामिल रही। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुसार डीन, चेयरपर्सन, ईसी और एसी सदस्यों की नियुक्ति नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। यूनियन ने आरोप लगाया कि प्रो. मनोज कुमार दुहन को डीन एफईटी पद से वंचित रखा गया है, जिसके विरोध में उन्होंने प्रतिदिन एक घंटे की हड़ताल शुरू कर दी है। यूनियन ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा तथा जिला उपायुक्त को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा।*

## चुनाव की मांग को लेकर गोसेवक पहुंचे फर्म एंड सोसाइटी के जिला मुख्यालय

**खरखौदा।** धर्मार्थ गोशाला सिसाना से जुड़े गोसेवकों के प्रतिनिधिमंडल ने कार्यकारिणी के त्रिवर्षीय चुनाव कराने की मांग की है। मांग पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में रामफल, राजकुमार, अजय, उमेद सिंह, रामेहर, कृष्ण, रघुनाथ, वेदपाल, जगदेव, सुरेंद्र, बिजेंदर, रमेश, अरुण के नाम शामिल हैं, ने फर्म एंड सोसाइटीज के जिला रजिस्ट्रार से इस आशय की मांग की है। मांग पत्र में लिखा गया है कि गोशाला कार्यकारिणी का 3 वर्ष का कार्यकाल 22 जून 2026 को समाप्त होने जा रहा है। चुनाव में सर्वसम्मति न होने के कारण गोशाला सिसाना के चुनाव की नियमानुसार प्रक्रिया पूरी कराई जाए। तब तक प्रशासक की नियुक्ति करके उनकी निगरानी में चुनाव कराया जाए, ताकि कोई विवाद ना रहे और गोशाला को सुचारू रूप से चलाया जा सके। अपनी बात के पक्ष में गोशाला की 28 मई 2026 की बैठक का हवाला देते हुए उसकी फोटो प्रति मांग पत्र के साथ संलग्न की है। जिसमें दर्शाया गया है कि धर्मार्थ गोशाला सिसाना कमेटी की बैठक 28 मई को रामफल दहिया उपप्रधान की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रधान रणदीप दहिया ने इस्तीफा दे दिया, जिसे कमेटी ने मंजूर कर लिया।



## जिला जेल सोनीपत में शिविर में 90 लोगों ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला जेल सोनीपत में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सिविल सर्जन, सोनीपत के सहयोग से किया गया, जिसमें जेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों, उनके परिवारजनों तथा अन्य सामाजिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 90 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार में सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ सोनीपत के मेयर राजीव जैन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम मे मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के द्वारा जेल परिसर पहुंचने पर जेल के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। दोनों अतिथियों ने जिला जेल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह, डॉ. भानू व अन्य जेल प्रशासन, पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### याद बहुत आते हैं वो दिन...

# बिन प्रैक्टिकल ज्ञान के जीवन में नहीं मिल सकती सफलता

## बिजली निगम में एडिशनल असिस्टेंट इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त बलदेव राज आहुजा ने हमेशा अपने कर्म को दिया महत्व

फरवरी 2007 में बिजली निगम में एडिशनल असिस्टेंट इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त बलदेव राज आहुजा बताते हैं कि पिता की सीख आज भी उन्हें याद आती है। पिता स्व. पौखरराज आहुजा ने बचपन में हमेशा जीवन में कामयाब होने की सीख दी। वह बताते थे कि प्रैक्टिकल नॉलेज के बिना इंसान जीवन में कभी सफलता नहीं पा सकता। पिता से सीख पाकर ही एक बड़े भाई ने एयरफोर्स में शामिल होकर अपने जीवन को सफल बनाया। मध्यम परिवार से होने के चलते बड़े भाईयों ने भी हमेशा पिता की भांति अपना धर्म निभाया। बलदेव राज आहुजा ने बिजली निगम में अपनी सेवाएं देते हुए कर्म को ज्यादा महत्व दिया। बलदेव राज आहुजा ने बताया कि उनका जन्म वर्ष 1949 में पंजाब के लुधियाना के गांव मलौद में हुआ। परिवार के पालन-पोषण की जिम्मेदारी माता-पिता पर थी। पिता स्व. पौखरराज आहुजा प्राइमरी टीचर थे, जबकि माता विद्यावंती गृहिणी थी। ऐसे में 7 बच्चों की शिक्षा का भार उठाना मुश्किल था। इसके बावजूद परिवार ने एक-दूसरे का पूरा साथ दिया। मैट्रिक तक प्रारंभिक पढ़ाई मलौद में पूरी करने के बाद बलदेव राज आहूजा ने वर्ष 1965 से नीलोखेड़ी में 3 साल तक इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग का कोर्स किया। जब उन्हें सरकारी नौकरी नहीं मिली, तो प्राइवेट नौकरी से सफर की शुरुआत की।





बलदेव राज आहुजा।

### ड्यूटी पर ही मनाते पड़ते थे त्योहार, नहीं मिलती थी छुट्टी

वर्ष 1973 में बलदेव राज आहुजा का विवाह सोनीपत के हेड मास्टर दौलत राम आर्य की पुत्री ऊषा रानी से हुआ। बलदेव राज आहुजा ने बताया कि उन दिनों सरकारी नौकरी पर रहते ही कर्मचारी को कम छुट्टी मिलती थी। ज्यादातर त्योहारों पर भी वह ड्यूटी पर रहते थे। जून 1990 में उन्हें फाजिलपुर 132 केवी स्टेशन पर जेई के पद पर नियुक्त किया गया। यहां उन्होंने जिलेभर में बिजली व्यवस्था पर सुधार लाने का प्रयास किया। बड़ों से मिली सीख उन्होंने बच्चों को भी दी। इसी का परिणाम है आज बेटा रोहित आहुजा नारकोटिक्स मेडिसन डीलर है, जबकि बड़ी बेटी पूनम भी फिजिक्स से एमएससी व बीएड पास है।

### अनपढ़ होते हुए पिता ने अपने पैरों पर खड़े होने की दी सीख : हरबंस लाल

वर्ष 2002 में बिजली निगम में जेई पद से सेवानिवृत्त हरबंस लाल अरोड़ा ने बताया कि उनके पिता अत्तर चंद ने हमेशा बच्चों को समझदार बनने का संदेश देते हुए अपने पैरों पर खड़े होने की सीख दी।



अनपढ़ होने के बावजूद उनके पिता ने हमेशा बच्चों को ईमानदारी व मेहनती बनने की राह दिखाई। आज उसी का परिणाम है कि जीवन में कामयाबी पाने के साथ वह समाजसेवा के पथ पर अग्रसर हैं। विभाजन के दौरान पाकिस्तान से हिंदुस्तान आने वाली ट्रेनों में लोगों को सरेआम काटने का मंजर आज भी उनकी आंखों के सामने आ जाता है। सीनियर सिटीजन कौंसल के सचिव एवं हरियाणा बिजली पेंशनर एसोसिएशन के प्रैस सचिव हरबंस लाल अरोड़ा बताते हैं कि उनका जन्म वर्ष 1943 में पाकिस्तान के जिला मुल्तान के सिराय सिद्धू में हुआ। मात्र 4 वर्ष की आयु में वह पिता अत्तर चंद, माता भगवान देवी व परिवार सहित वर्ष 1947 में अटारी बॉर्डर के रास्ते ट्रेन से हिंदुस्तान पहुंचे। उन दिनों जब पाकिस्तान से ट्रेनें हिंदुस्तान आती है, तो धर्म विशेष के लोग सरेआम ट्रेनों में मार काट करते थे। इस बीच वह परिवार के साथ कुरुक्षेत्र कैंप पहुंचे, जहां 7 माह तक परिवार बारिश में जमीन पर सोकर, लंगर से खाना खाकर जीवन व्यतीत किया। इसके बाद उन्हें जिला हिसार के नारनौंद भेज दिया गया। यहां पिता ने चाचा के साथ पाकिस्तान की तरह जनरल स्टोर की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण किया। माता गृहिणी थी, उन दिनों महिलाओं को पढ़ने-लिखने या बाहर जाने की जाना आजादी नहीं थी। इसके बावजूद परिवार ने हम 3 भाई, 1 बहन को कभी कोई कमी महसूस नहीं होने दी। पिता की प्रेरणा से हरबंस लाल व बड़े भाई मेहर चंद सरकारी नौकरी प्राप्त कर परिवार का हाथ बटाया।

### युवाओं को संस्कारों की सीख देकर दिखा रहे कामयाबी की राह

हरबंस लाल अरोड़ा ने बताया कि साधन संपन्न परिवार से होने के चलते उन्होंने वर्ष 1965 में हिसार आईटीआई से इलैक्ट्रिक इंजीनियरिंग का कोर्स करने के बाद फोरमैन के रूप में अपनी सरकारी सेवाएं प्रारंभ की। उन दिनों हरियाणा का पूर्ण विकास नहीं हुआ था। उस दौरान बिजली निगम में स्टाफ की कमी के बीच उन्होंने जंगलों में बिजली पोल लगवाने का काम किया। वक्त व मांग के हिसाब से उन्होंने जाखल, फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, हांसी, भिवानी जैसे शहरों में अपनी सेवाएं दी। वर्ष 1965 में उनका विवाह करनाल की पुष्पा से हुआ। इसके बाद उन्हें एक बेटा, एक बेटी की प्राप्ति हुई। हालांकि बेटी आज इस दुनिया में नहीं हैं, जबकि बेटा डॉ. नवीन कुमार परिवार के संस्कारों पर चल रहा है। हरबंस लाल स्वयं समाजसेवा के माध्यम से युवाओं को संस्कारों की सीख देकर कामयाबी की राह दिखा रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## गांव राजलू गढ़ी में बेटी के जन्म पर कुआं पूजन कार्यक्रम

# बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए : देवेंद्र कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान शिविका के दादा रामहेर, पिता पवन एवं माता एकता को बधाई देते हुए ।

गांव राजलू गढ़ी में बेटी के जन्म की खुशी को उत्सव के रूप में मनाते हुए बेटी शिविका के जन्म पर कुआं पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पहुंचे गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने परिवार को शुभकामनाएं देते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश भी दिया गया। शिविका के दादा रामहेर, पिता पवन एवं माता एकता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बेटी के जन्म को परिवार के लिए सौभाग्य और खुशी का अवसर बताया। उन्होंने कहा कि बेटियां परिवार और समाज की शान होती हैं तथा उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता है। बेटियां आज शिक्षा, खेल, प्रशासन, सेना और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में बेटियों के सम्मान और समानता का संदेश जाता है। पवन और एकता ने कहा कि बेटी परिवार में खुशियां, संस्कार और समृद्धि लेकर आती है। उन्होंने नवजात शिविका के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कुआं पूजन संपन्न कराया गया।



## प्रमोद हत्याकांड में निष्पक्ष जांच की मांग

**सोनीपत।** मानव अधिकार सरंक्षण संघ के कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी प्रमोद के परिजन न्याय की मांग को लेकर पहुंचे। इस दौरान प्रमोद की बहन पिंकी, मामा प्रदीप, ओमप्रताप, ताऊ हरिप्रकाश सहित परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। परिजनों ने मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने बताया कि परिजनों के अनुसार 10 अप्रैल 2026 को प्रमोद पर सुमित उर्फ डीमक और उसके साथियों ने धारदार हथियारों से हमला किया था। गंभीर रूप से घायल प्रमोद को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 18 अप्रैल 2026 को पीजीआई रोहतक में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने प्रशासन और पुलिस विभाग से मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की मौत के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।



गन्नौर। नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के बाद मैनेजर मनोज शर्मा चिकित्सकों की टीम के साथ ।

## निःशुल्क मेडिकल कैंप में कर्मचारियों ने करवाई स्वास्थ्य जांच, दिया चिकित्सा परामर्श

**गन्नौर।** कामी रोड स्थित इविया ब्यूटी कंपनी में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कंपनी के प्रबंधक मनोज शर्मा ने कर्मचारियों एवं स्टाफ सदस्यों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। मेडिकल कैंप में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. विपन अनेजा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेता दहिया, डॉ. गरिमा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव रेल्हान तथा फिजिशियन डॉ. चांद किशोर ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों ने कर्मचारियों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी दिए। कंपनी के मैनेजर मनोज शर्मा ने कहा कि स्वस्थ कर्मचारी किसी भी संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं। समाजसेवी भारत दुआ ने कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में ऐसे शिविर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनोज शर्मा ने सभी चिकित्सकों एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।